*जन्मदिन की जय जय!*

*गुरुमाई की जय जय!*

# सत्संग

## सिद्धयोगी अपना अनुभव बताते हैं

जन्मदिवस की शुभकामनाएँ, गुरुमाई जी!

२४ जून, २०१९ को विश्वभर के सिद्धयोगियों का एक सपना साकार हुआ : उन्हें गुरुमाई चिद्विलासानन्द के जन्मदिवस पर उनके साथ एक सत्संग में होने का अवसर मिला।

विश्वभर में सिद्धयोगी, नए साधक, उनके परिवार व मित्र, सिद्धयोग वैश्विक हॉल में गुरुमाई जी के जन्मदिवस सत्संग में भाग लेने के लिए एकत्रित हुए। यह सत्संग श्री मुक्तानन्द आश्रम से सीधे वीडिओ प्रसारण द्वारा आयोजित किया गया।

श्रीगुरु के दर्शन के आशीष में निमग्न प्रतिभागियों ने भजन, नामसंकीर्तन, कहानियों, कविताओं व प्रार्थना द्वारा यह महोत्सव मनाया।

और अब जब प्रतिभागी इस महोत्सव के अपने अनुभव बता रहे हैं, तो जन्मदिवस आनन्दोत्सव की लहरें संसार में तरंगित होती जा रही हैं। आप भी अंग्रेज़ी पृष्ठ पर दिए लिन्क पर क्लिक करें और गुरुमाई जी के जन्मदिवस सत्संग का अपना अनुभव बताकर इस वैश्विक वार्तालाप में शामिल हो जाएँ।

© २०१९ एस.वाय.डी.ए. फ़ाउन्डेशन®। सर्वाधिकार सुरक्षित।